RU-56-01H-049-261123/EXPLAINER

**Research Unit**
**Press Information Bureau**
**Ministry of Information and Broadcasting**
**Government of India**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा:नागरिकों की जीवनशैली में बदलाव का ‘उत्सव’

नवम्बर 26, 2023




केंद्र सरकार ने 'जन भागीदारी ' को बीते 9 वर्षों में शासन का मूलमंत्र बना दिया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने विकासात्मक गतिविधियों में लोगों को शामिल करने व विभिन्न में पहलों जनता की राय लेने के लिए हमेशा जन भागीदारी का आह्वान किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) का उद्देश्य भी 'जन भागीदारी' के संप्रभु संकल्प के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना है। साथ ही शासन में पारदर्शिता व जवाबदेही को बढ़ावा देना है।

यह यात्रा देश के विभिन्न कस्बों और शहरों में लाखों लोगों तक पहुचेंगी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार भारत को विकसित बनाने के संकलप में देश के सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। यही नहीं , केंद्र की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है , ताकि वे इनसे लाभान्वित हो। इस संदर्भ में विभिन्न जनभागीदारी कार्यक्रमों जैसे योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना (मेरी कहानी मेरी जुबानी) , प्रगतिशील किसानों



के साथ बातचीत, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ओडीएफ प्लस स्थिति जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं की 100% लक्ष्य प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों का जश्न मनाना आदि का संचालन किया जा रहा है। [1]उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 नवंबर, 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद , आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैनों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में जन साधारणको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## देश के विभिन्न हिस्सों से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने साझा किये अनुभव: (मेरी कहानी मेरी जुबानी )




"जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के जल जीवन मिशन के लाभार्थी मंजूर हुसैन ने कहा, "मेरे घर में पानी का कोई कनेक्शन नहीं था। एक कनेक्शन के लिए मैंने दो-तीन साल तक संघर्ष किया , लेकिन नहीं मिला। फिर हमें जल जीवन मिशन के माध्यम से एक कनेक्शन मिला। पानी उपलब्ध कराने के लिए मैं सरकार का आभारी हूं। " [2]



दराज-ए पंचायत, बुद्धल राजौरी, जम्मू-कश्मीर के एक लाभार्थी सकीबुल ने सरकार की आयुष्मान भारत - प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना की सराहना की। [3] उन्होंने कहा, "पहले, जब कोई बीमार हो जाता था, तो हमें उसका इलाज कराने के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ती थी। हालाँकि , अबपी एम् जे वाए के तहत हमें इलाज के लिए 5 लाख रुपये मिलते हैं , जिसके लिए हम सरकार के बहुत आभारी हैं। साथ ही , केसीसी पर दिए गए ऋण से हमें बहुत फायदा हुआ है ।"

---

[1]https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1977103
[2]https://x.com/ddnews_jammu/status/1726187830555349243?s=20
[3]https://twitter.com/ddnews_jammu/status/1725825233951641859?s=20

विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल पीएम उज्ज्वला योजना की एक लाभार्थी ने केरल के पलक्कड़ में एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने पर अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा , "पहले, मैं खाना पकाने के लिए लकड़ी का इस्तेमाल करती थी , खाना बनाना मुश्किल होता था। अब , मेरे पास गैस कनेक्शन है , जिससे बहुत मदद मिली है। प्रधानमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद।"[4]




इसी प्रकार, पीएम उज्ज्वला योजना की एक अन्य लाभार्थी सुप्रिया नायक इस योजना से काफी खुश है , क्योंकि इससे उन्हें रसोई में धुंए में खाना नहीं बनाना पड़ता है । [5] उत्तराखंड के चकराता के बासटील गांव की काजल ने भी उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए सरकार की सराहना की।[6]






[4]https://twitter.com/airnewsalerts/status/1726540733585506623?s=20
[5]https://twitter.com/mygovindia/status/1725924987050266942?s=20
[6]https://x.com/DDnews_dehradun/status/1727331510699835679?s=20

उत्तराखंड के श्री राजेंद्र सिंह राणा ने पीएम किसान योजना का स्वागत किया। उन्होंने कहा , "हमें सालाना 6000 रुपये मिलते हैं और बीज , उर्वरक आदि मुफ्त उपलब्ध कराए जाते हैं , जिसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं।" [7] बिहार के कैमूर के किसान अकबर अली ने भी सरकार की कृषि-समर्थक पहलों, जैसे कि बीज व सिंचाई सुविधाएं आदि प्रदान करना इत्यादि की सराहना की, जो पहले उपलब्ध नहीं थी।




इस बीच, यूपी के मेरठ की निर्मला ने आयुष्मान भारत योजना से जुड़ा अपना अनुभव बताया । उन्होंने कहा , "मुझे दिल की समस्या थी और मुझे एक निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा , जिसका खर्च मेरा परिवार उठाने में सक्षम नहीं था। मुझे आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज मिला और अब मैं अपने बच्चों के साथ यहां हूं। मैं इस योजना के लिए सरकार की आभारी हूं।" [8]



[7] https://x.com/PIBDehradun/status/1727319769995686131?s=20
[8] https://x.com/airnews_lucknow/status/1725800764537442525?s=20

महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के अंबेजावलगे गांव की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की लाभार्थी रेशमा साबले ने बताया कि इस योजना के तहत प्रदान की गई सहायताराशि से उन्हें पौष्टिक आहार प्राप्त करने में काफी मदद मिली।[9]




पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम के जंबोनी ब्लॉक में विकासशील भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) कार्यक्रम में लाभार्थियों ने पीएम किसान योजना के सकारात्मक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।[10]



[9] https://x.com/PIBMumbai/status/1727678731899322608?s=20

[10] https://twitter.com/PIBKolkata/status/1725839943564751219?s=20

इसके अलावा , ओडिशा में कोरापुट जिले के आदिवासी बहुल गांवों में लाभार्थियों ने विभिन्न सरकारी प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने उनके जीवन को सशक्त बनाया है।.[11]





विकसित भारत अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू की गई अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहलों में से एक है। अंततः इसका लक्ष्य 25 जनवरी 2024 तक भारत के सभी जिलों को कवर करना है.

**NimishRustagi/ Himanshu Pathak/ Priyanka Kumari/Indu Sharma**

[11]https://twitter.com/PIBBhubaneswar/status/1725535837524533718?s=20